
**समस्या** अवैध कनेक्शन डाल रहे आग में घी, दूषित पेयजल के खिलाफ जनता के साथ खड़ा नवभारत

# नालियों से गुजरी लाइनें बिगाड़ रही शुद्धता का खेल



**जबलपुर, नवभारत।** नगर में अभी भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नाले नालियों के बीच से होकर गुजर रही है। ऐसे में सवाल यही खड़ा होता है कि जब गंदगी के बीच से ही शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी तो उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठना लाज़मी है। नवभारत द्वारा लगातार चलाई जा रही मुहिम के चलते निगम ने कार्य में तेजी तो लाई है लेकिन अभी भी मंजिल मीलों दूर नजर आ रही है। समस्या सिर्फ पेयजल की लाइन ही नहीं बल्कि इनमें होने वाले अवैध कनेक्शन भी है। बता दे कि नगर निगम ने वर्ष 2024 में शहर के सभी 16 जोनों में अवैध नल कनेक्शन काटने का विशेष अभियान चलाया था, जिसमें बड़ी संख्या में कनेक्शन हटाए गए। हालांकि इसके बाद से इस दिशा में कोई बड़ा और नियमित अभियान नहीं चल पाया है।

### अवैध कनेक्शन भी बड़ी वजह

नाले नालियों में दबी पुरानी पाइप लाइन में लगातार हो रहे लीकेज के कारण ड्रेनेज का गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा है। इससे लोगों के बीमार पड़ने की शिकायतें बढ़ रही हैं। जानकारों के अनुसार, इस समस्या की बड़ी वजह अवैध नल कनेक्शन हैं, जो बिना तकनीकी मानकों के पाइप लाइन में छेद कर जोड़ दिए जाते हैं जानकारों का कहना है कि कई पुराने रिहायशी इलाकों में प्लंबरों को मामूली रकम देकर लोग अवैध रूप से नल कनेक्शन करा लेते हैं। इसमें न तो पाइप लाइन की स्थिति देखी जाती है और न ही यह परखा जाता है कि लाइन ड्रेनेज के भीतर से गुजर रही है या नहीं।

### फैक्ट फाइल

- नगर निगम में दर्ज भवन : 3 लाख
- कुल नल कनेक्शन : 1.75 लाख
- जल उपभोक्ता : 14 लाख से अधिक
- मासिक जल शुल्क : 170 रुपए

वार्षिक जल शुल्क : 2040 रुपए
कनेक्शन शुल्क पुरानी लाइन से : 1 हजार रुपए और अमृत योजना की नई लाइन से : 4 हजार रुपए

### इन इलाकों ने मारी बाजी

सूत्रों के अनुसार शहर में सबसे ज्यादा अवैध कनेक्शन सिद्ध बाबा, भानतलैया, गोहलपुर, धनवंतरी नगर, टेढ़ी नीम, छुई खदान सहित कई क्षेत्रों में एक से अधिक अवैध नल कनेक्शन होने की जानकारी सामने आई है जिसकी जांच न होने पर समस्या जस की तस बनी रहती है। इन अवैध कनेक्शनो के कारण ही लीकेज बढ़ता है और दूषित पानी घरों तक पहुंचता है।

### प्रदेश के लिए बनेगा मॉडल

विगत कुछ दिनों पहले नगर प्रवास पर आए उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने रमनगरा स्थित 120 एमएलडी क्षमता वाले वॉटर फिल्टर प्लांट को प्रदेश के लिए मॉडल बताया था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि प्लांट से 28 उच्चस्तरीय टंकियों के माध्यम से 36 वार्डों में जलापूर्ति की जा रही है और यहां जल गुणवत्ता जांच के लिए आधुनिक प्रयोगशाला भी संचालित की जा रही है।

### ये है शुल्क और विधिवत रास्ता

जानकारों कि माने तो नगर निगम से विधिवत नल कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ताओं को निर्धारित शुल्क जमा करना होता है। पुरानी पाइप लाइन से कनेक्शन के लिए लगभग एक हजार रुपये, जबकि अमृत योजना के तहत बिछाई गई नई पाइप लाइन से कनेक्शन लेने पर चार हजार रुपए शुल्क तय है। अधिक शुल्क से बचने के लिए कई लोग अवैध रास्ता अपनाते हैं, जिससे न केवल निगम को राजस्व हानि होती है, बल्कि जनस्वास्थ्य भी खतरे में पड़ता है।

### इनका कहना है

सभी जगह पाइप लाइन में सुधार और बदलने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

**कमलेश श्रीवास्तव**
**कार्य यंत्री, नगर निगम**

# व्यापारी से 12 .52 लाख की मटर हड़पी


**मुनाफे का लालच दिया, भरोसा जीत किया विश्वासघात**




**जबलपुर।** पाटन कृषि उपज मंडी के व्यापारी को मुनाफे का लालच देकर भरोसा जीतने के बाद जालसाज ने विश्वासघात करते हुए 50.705 टन मटर 12 लाख 52 हजार रूपए की हड़प ली। पाटन पुलिस ने जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार को अभय कुमार जैन 55 वर्ष निवासी मंडी के सामने पाटन ने लिखित शिकायत की कि कृषि उपज मंडी के अंदर पाटन में रहता है, अनाज एवं मटर खरीदने का काम करता है। उसकी ए. के ट्रेडर्स नाम से कृषि उपज मण्डी पाटन के सामने दुकान (फर्म) है। 22 दिसम्बर 25 को नितेन्द्र सिंह उर्फ रिशु उसके पास आया उसने स्वयं को हिमाचल प्रदेश का रहने वाला एवं फसल एवं सब्जी का थोक व्यापारी बताया था और कहने लगा कि अभी पाटन में रहकर हरा मटर खरीदने का काम करते हुए मटर खरीद कर बाहर महंगे दाम पर सप्लाय करता हूं। इसके बाद नितेन्द्र सिंह उर्फरिशु ने उससे एक दो बार मटर खरीदी की और समय पर पेमेंट कर दिया था और उसका भरोसा जीत लिया वह उस पर भरोसा करने लगा कि यह अच्छा व्यापारी है। 12 जनवरी को सुबह 8 बजे नितेन्द्र सिंहउसकी दुकान पर आया और बोला कि चार गाड़ी मटर लोड कर दो बाहर से आर्डर आया है तो उसके कहने पर चार ट्रकों में कुल 50.705 टन (204,214, 213 एवं 210 बोरी) कीमती कुल 12.52.976 रूपए का लोड करा दिया। रूपये मांगे तो बोला कि अभी खाते में पेमेंट कर दूंगा और शाम सात बजे गाडिया लेकर चला गया। इस प्रकार झूठा आश्वासन देता रहा बाद में मोबाइल स्विच आफकर लिया। रीशू के बारे में उसने पता किया तो कुछ पता नहीं चला है रीशू उर्फनितेन्द्र सिंह स्वयं को मटर का व्यापारी बता कर उसके साथ धोखाधड़ी छल कर बेइमानी से उससे कुल 4 गाडी मटर हड़प लिया है ।

# बैंक भवन किराया राशि 17 लाख हड़पे, एफआईआर दर्ज




**जबलपुर।** नेपियर टाउन स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा भवन के किराये की राशि 17 लाख रुपए हड़पने पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर ने गुरूविंदर सिंह साहनी पिता स्व. हरपाल सिंह साहनी निवासी नेपियर टाउन एवं अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के मुताबिक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर में श्रीमति वनीता गुलाटी पति अनुज गुलाटी निवासी नयागांव हाउसिंग सोसायटी रामपुर ने गुरविंदर सिंह साहनी, निवासी जबलपुर एवं अन्य के खिलाफ अपने हक के बैंक परिसर के किराये की राशि 16,93,980 रूपए धोखाधड़ी से बैंक से प्राप्त कर लेने की शिकायत की थी। शिकायत जांच में पाया गया कि वनिता गुलाटी और गुरूविंदर सिंह के शामिल मालिकाना हक के भवन को बैंक ऑफ इंडिया के नेपियर टाउन शाखा किराये पर लिया गया था। बैंक और भवन के मालिकों के बीच किरायानामा के मुताबित मालिकों के हक का किराया निश्चत था। गुरूविंदर सिंह साहनी ने वर्ष 2022 में बैंक ऑफ इंडिया को इस संपत्ति का पूर्ण मालिक बताकर एक क्षतिपूर्ति बॉण्ड प्रस्तुत किया तथा छल व बेईमानी कर के श्रीमति वनिता गुलाटी के हक की लगभग 17 लाख रूपये किराया राशि बैंक से प्राप्त कर ली। आरोप गुरूविंदर सिंह साहनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पटरियों पर आकर लेट गया युवक, गुजर गई ट्रेन

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत शोभापुर फाटक के पास रेल पटरियों के ऊपर आकर एक युवक लेट गया इसी दौरान ट्रेन उसके ऊपर से होते हुए गुजर गई। युवक ने आत्महत्या किन कारणों से की है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है । पुलिस के मुताबिक बुधवार को दोपहर में रेल्वे स्टेशन अधारताल से ट्रेकमेन विकास पटेल 37 वर्ष ने सूचना दी कि दोपहर लगभग 12-30 बजे शोभापुर फाटक के पास एक अज्ञात व्यक्ति झाड़ियों से दौड़कर ट्रेक के आगे आकर पटरियों पर लेट गयाजिससे ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई।

# पांच माह बाद भी मूंग-उड़द का भुगतान नहीं

**किसानों ने एसडीएम को सौंपा खून से लिखा पत्र**




**नवभारत,जबलपुर।** ग्रीष्मकालीन फसल मूंग और उड़द का एमएसपी दर पर उपार्जन होने के बावजूद पांच माह बीत जाने के बाद भी किसानों को भुगतान नहीं मिला है। यह उपार्जन सेवा सहकारी समिति बसेड़ी के माध्यम से एमएलटी वेयरहाउस मजीठा में किया गया था, लेकिन करोड़ों रुपये का भुगतान अब तक अटका हुआ है। भुगतान न होने से परेशान किसानों ने एसडीएम शहपुरा को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा जाहिर की। किसानों का कहना है कि लगातार दफ्तरों के चक्कर लगाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन भुगतान करने में असमर्थ है, तो उनकी उपज उन्हें वापस की जाए। ज्ञापन के साथ किसानों ने खून से लिखा पत्र भी सौंपा, जो उनकी गंभीर पीड़ा को दर्शाता है।

### 28 को वेयरहाउस पहुंचेंगे किसान

पीड़ित किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि वे 28 जनवरी को मजीठा स्थित वेयरहाउस पहुंचकर उपार्जन और भुगतान को लेकर प्रशासन से जवाब मांगेंगे। इस मौके पर अभय प्रताप सिंह, चन्दन पटैल, मोनू सिंह, देवेंद्र ठाकुर,राम सिंह, बबलू ठाकुर, भगवान सिंह,जाहिरी पटैल, वीरेंद्र साहू, दुर्जन पटैल, दौलत सिलाबट, हरेंद्र सिंह, विनोद नायक इमरत पटैल, सूरज सिंह, भोला नवेरिया सतीश विल्थरे, यशवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur: Nagrath Chowk** FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • **Damoh Naka** SELECT BAJAJ 7880097791 • **Balaghat** SAI BAJAJ 9425822517• **Damoh** MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Seoni** FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • **Shahdol** JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • **Katni** TARA BAJAJ 9111407700.